शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) रिपोर्ट मिली है कि एक ऐसी संस्था द्वारा University campas में बैठकें तथा परेड होती हैं ।

(ख) सरकार इस विषय में जांच-पड़ताल करने का विचार रखती है ।

Greater Delhi

***724. Shrimati Maimoona Sultan:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government have had under consideration the demand for a "Greater Delhi" comprising bordering areas of Rajasthan, U.P. and the Punjab;

(b) if so, the precise details of the proposal; and

(c) the decision taken in this regard?

The Minister of Home Affairs (Shri Nanda): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

केन्द्रीय गुप्तचर विभाग पर व्यय

*726. **श्री राम सेवक यादव** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1963–64 में केन्द्रीय जांच विभाग (सेंट्रल इन्टेलीजेंस ब्यूरो) पर कितना खर्च किया गया ;

(ख) जुलाई–अगस्त 1965 में काश्मीर में केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के कितने कर्मचारी नियुक्त थे ; और

(ग) जिस समय सशस्त्र पाकिस्तानी जवान काश्मीर में एकत्र हो रहे थे उस समय हमारे केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के कर्मचारियों के निष्क्रिय रहने के क्या कारण थे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) गृह-मंत्रालय की 1965–66 के लिये अनुदान की मांगों में से 51 नवम्बर की मांग की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है

(ख) इस सूचना को जाहिर करना जनहित की दृष्टि से ठीक नहीं है ।

(ग) भाग (ग) के पीछे काम करने वाली धारणा नितांत अनुचित है । वास्तविकता तो यह है कि उस कठिन समय की परीक्षा में हमारा गुप्तचर संगठन पूरी तरह सफल रहा है ।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् नयी दिल्ली के महानिदेशक

*727. **श्री किशन पटनायक** :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री बड़े :
श्री लहरी सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक का पद केन्द्रीय सरकार की सेवाओं के अन्तर्गत आता है ;

(ख) यदि हां, तो सेवा निवृत्ति की आयु सम्बन्धी नियम उन पर लागू नहीं होने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि वर्तमान महा-निदेशक के सेवा काल को और बढ़ाया जा रहा है जबकि संसद् में बार बार उनके बारे में प्रतिकूल चर्चायें होती रही हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं । (Appointment) नियुक्ति सरकार करती है परन्तु पद Central Government (केन्द्रीय सरकार) की किसी Service Cadre (सर्विस के काडर) में नहीं आता है ।